आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण को सामाजिक प्रतिबद्धता का विषय बताया। जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी को बताया महत्वपूर्ण।
- देहरादून में विदेश मंत्रालय और उत्तराखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विदेश सम्पर्क–स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।
- नैनीताल जिले में प्रस्तावित जमरानी बांध परियोजना के पहले चरण का काम आगामी 15 सितंबर से शुरू किया जायेगा।
- पिथौरागढ़ में तीन दिवसीय पीएम विश्वकर्मा राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं व्यापार मेला शुरू।

जल संचय जन भागीदारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जल संरक्षण सिर्फ एक नीति नहीं बल्कि सामाजिक प्रतिबद्धता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रयास और पुण्य कार्य भी है। इस कार्य में उदारता भी है और जिम्मेदारी भी। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गुजरात के सूरत में जल संरक्षण पहल जल संचय जन भागीदारी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने आने वाली पीढ़ियों के लिए टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए जल संरक्षण प्रयासों में लोगों की भागीदारी पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हमेशा से भारत की सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने टिकाऊ भविष्य की दिशा में जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना सहित सरकार की कई पहलों पर प्रकाश डाला।

## स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस

देहरादून में आज विदेश मंत्रालय और उत्तराखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विदेश सम्पर्क– स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विदेश मंत्रालय ने उत्तराखण्ड सरकार के हितधारकों और अधिकारियों को वाणिज्य दूतावास और पासपोर्ट सेवाओं के लिए मंत्रालय द्वारा प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने और उनके कल्याण और संरक्षण के लिए उठाए गए कार्यक्रमों, योजनाओं और पहलों से अवगत कराया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड सरकार और विदेश मंत्रालय ने प्रवासियों से सम्बन्धित मुद्दों और समस्याओं के समाधान के लिए आपसी सहयोग को मजबूत करने पर मंथन किया। वहीं, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और हितधारकों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रवासियों के हित में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिलेगी। साथ ही विभिन्न देशों में रहने वाले उत्तराखण्ड के प्रवासियों की समस्याओं के समाधान में भी सहायता मिलेगी। स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने कहा कि विदेश सम्पर्क कार्यक्रम, विदेश मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को गहरा करना और उनसे संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए राज्य सरकारों के साथ साझेदारी करना है। वर्ष 2017 से अब तक पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश और कर्नाटक की राज्य सरकारों के साथ आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव अंकन बनर्जी ने प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ जुड़ाव, विदेश में भारतीय महिलाओं से संबन्धित मुद्दे और भारतीय छात्रों से संबन्धित मुद्दे, राज्यों में एनआरआई संस्थान, प्रवासी भारतीयों के लिए विदेश मंत्रालय की योजनाओं और डेटा का संग्रह जैसे विषयों पर चर्चा की।

## फॉरेंसिक एक्सपर्ट

प्रदेश में रजिस्ट्री में धोखाधड़ी के मामले होने पर गठित एसआईटी टीम को दस्तावेजों का सैंपल अब चंडीगढ़ नहीं भेजना पड़ेगा। इसके लिए देहरादून में ही फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट की तैनात की जाएगी, जो पुलिस और एसआईटी टीम के बीच समन्वय का काम करेगा। इस प्रस्ताव पर वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने अपना अनुमोदन दिया है। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में रजिस्ट्री में फर्जी हस्ताक्षर, फर्जी कागजात और फर्जी लेखनी जैसी शिकायतें मिलती हैं। इसके लिए पूर्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी टीम दस्तावेजों की प्रमाणिकता के लिए चंडीगढ़ स्थित फोरेंसिक लैब को दस्तावेज भेजती थी। चंडीगढ़ से दस्तावेजों की प्रमाणिकता की रिपोर्ट आने में अधिक समय लगता था।

## जमरानी बांध

नैनीताल जिले में प्रस्तावित जमरानी बांध परियोजना के पहले चरण का काम आगामी 15 सितंबर से शुरू किया जायेगा। लगभग तीन हजार सात सौ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में आयोजित बैठक में जमरानी बांध परियोजना के उप महाप्रबंधक बी.बी पांडेय ने बताया कि बांध निर्माण कार्य के लिए सबसे पहले संपर्क मार्ग बनाया जाएगा। वर्षाकाल में कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए गौला नदी के जल की निकासी के लिए दो ऑफर डैम और सुरंग भी बनाई जाएंगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व पी.आर चौहान ने बताया कि बांध प्रभावितों को 9 सितम्बर से मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनर्वास कार्यों के लिए 215 करोड़ रूपये की धनराशि विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को अंतरण की जा चुकी है। गौरतलब है कि जमरानी बांध परियोजना के डूब क्षेत्र में कुल 6 गांवों की 49 दशमलव 7–1 हेक्टेयर निजी भूमि जलमग्न होगी और 1 हजार 267 परिवार प्रभावित होंगे।

## पीएम विश्वकर्मा मेला

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से पिथौरागढ़ के रामलीला मैदान में आज से तीन दिवसीय पीएम विश्वकर्मा राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं व्यापार मेला आयोजित किया गया है। मंत्रालय के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश यादव ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में मंत्रालय में पंजीकृत 18 ट्रेडों के हस्तशिल्पियों ने अपने उत्पादों और टूल किट का प्रदर्शन किया है। साथ ही मंत्रालय, हस्तशिल्पियों के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी भी दे रहा है। उन्होंने बताया प्रदर्शनी का उद्देश्य पिथौरागढ़ जैसे दूरस्थ क्षेत्र के हस्तशिल्पियों को मुख्य धारा में लाना है। वहीं, प्रदर्शनी में पहुंचे हस्तशिल्पियों ने भी केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना से उनके परिवार का भरण पोषण आसानी से हो रहा है। साथ ही इस योजना के जरिए उन्हें प्रशिक्षण और टूल किट देने के अलावा बैंक से ऋण का भी लाभ दिया जा रहा है।

## केदारघाटी रौनक

केदारघाटी में बारिश कम होने बाद श्री केदारनाथ धाम यात्रा पटरी पर लौटने लगी है। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले 10 दिनों में औसतन तीन हजार श्रद्धालु पैदल यात्रा मार्ग से केदारनाथ के लिए जा रहे हैं। बारिश कम होने के साथ ही लगातार तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं, बाबा केदार के दर्शन कर अभिभूत हो रहे श्रद्धालु, यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्ट नजर आ रहे हैं और अपने सुखद अनुभव साझा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि पैदल रास्ता अब दुरुस्त हो गया है और यात्रा लगातार चल रही है। पैदल मार्ग पर पानी, बिजली और शौचालय सहित अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## जिलाधिकारी देहरादून

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने जिला अस्पताल कोरोनेशन के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को अस्पताल में दवाई के कांउटर बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ओपीडी में चिकित्सकों के डिस्पले साईनेज आदि को व्यवस्थित रूप से रखने को कहा है। जिलाधिकारी ने अस्पताल में व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और सुविधा के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने निक्कू, सामान्य वार्ड, ओ.टी, डेगू वार्ड आईसीयू और इमरजेंसी का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि जिलाधिकारी सविन बंसल आज सुबह जिला अस्पताल कोरोनेशन पंहुचकर आम नागरिक की तरह लाईन पर लगे और अपना ओपीडी पर्चा बनाया व ओपीडी व्यवस्था को परखा। इसी तरह निरीक्षण करते हुए उन्होंने अस्पताल में जनता के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी जुटाई।

## नेचर गाइड प्रशिक्षण

चम्पावत में स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए दो दिवसीय जिम कॉर्बेट ट्रेल नेचर गाइड प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चम्पावत वन  प्रभाग के मंथन सभागार में विभाग की ओर से जिम कॉर्बेट की पाँचो ट्रेल  से लगे गांवो के 25 स्थानीय युवा प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिले की उप प्रभागीय वन अधिकारी नेहा चौधरी सौंन ने बताया कि जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए जिम कार्बेट ट्रेल विकसित की जा रही हैं, जिसमें 5 ट्रेल हैं। कार्बेट पार्क रामनगर से आए प्रशिक्षक राजेन्द्र भट्ट ने बताया कि प्रशिक्षण में युवाओं को जिम कॉर्बेट और वहां से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिले में जिम कार्बेट की बहुत ट्रेल है, जिनके बारे में युवाओं को विस्तार से जानकारी दी जा रही है।